DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 29 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 15 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस



## 8.58 इंच बारिश से बिजौलिया में जनजीवन ठप




### नदियां उफान पर, मंदिर जलमग्न, दो युवक बहते-बहते बचे, जलप्रलय जैसे हालात



बिजोलिया : बारिश से जलमग्न गगन विहारी पार्श्वनाथ मंदिर



बिजोलिया : रेस्क्यू किए गए युवक



बिजोलिया : रेस्क्यू टीम में शामिल सदस्य



बिजोलिया : पलकी नदी देखने पहुचें नगरवासी



बिजोलिया : ओवरफ्लो बह रही एरू नदी



बिजोलिया : ओवर फ्लो बह रही पलकी नदी



बिजोलिया : सब्जी मंडी में भरा पानी



बिजोलिया : छाई बाई नदी



बिजोलिया : भीमलत झरना अपने पूरे योवन पर गिरते हुए

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

क्षेत्र में रविवार रात से सोमवार शाम तक रिकॉर्ड 218 मिमी (8.58 इंच) बारिश दर्ज की गई, जिससे पूरे कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन पूरी तरह से ठप हो गया। लगातार मूसलधार बारिश से सड़कों, गलियों और मोहल्लों में पानी भर गया है, कई जगहों पर तो घुटनों से ऊपर तक पानी बहता नजर आया।

### नदियों रही उफान पर , संपर्क मार्ग टूटे

लगातार बारिश के कारण क्षेत्र की सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया । छाई बाई बालाजी पुलिया 4 फीट ऊपर , पलकी नदी का जलस्तर 5 फीट और रेवा नदी 3 फीट ऊपर बहता रहा । बारिश में तिलस्वा क्षेत्र की एरू नदी भी पुलिया पार कर बहने लगी है।

नदियों के उफान से बिजौलिया का संपर्क आसपास के गांवों से पूरी तरह कट गया और देर शाम तक सड़क मार्ग अवरुद्ध रहा , इस दौरान तेज बहाव के कारण वाहनों और पैदल यात्रियों का निकलना भी असंभव हो गया है।

### मंदिरों में भरा पानी – धार्मिक स्थल जलमग्न

बारिश ने धार्मिक स्थलों को भी नहीं बख्शा यहाँ गगन विहारी जैन मंदिर (पार्श्वनाथ क्षेत्र) पूरी तरह जलमग्न है। तेजाजी का चौक स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ बिजासन माताजी मंदिर में करीब 5 फीट पानी भर गया है।

श्रद्धालु मंदिरों की स्थिति देखने पहुंचे, लेकिन जलभराव और बहाव के कारण आसपास तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया।

### छाई बाई नदी में बहे दो युवक – सफल रेस्क्यू से बची जान

सोमवार सुबह मालीपुरा पुलिया पर छाई बाई नदी पार करते समय दो युवक बह गए।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया की पुलिस, प्रशासन और सिविल डिफेंस की टीम ने करीब 1 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। बहने वाले युवको की पहचान नीरज पुत्र नंद सिंह , निवासी बिजौलिया एवं कैलाश पुत्र मांगीलाल , निवासी बिजौलिया के रूप में हुई है ।

नीरज को तुरंत बाहर निकाल लिया गया, जबकि कैलाश नदी में बहते हुए एक पेड़ पर अटक गया, जिसे बाद में एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित उतारा गया।

मौके पर तहसीलदार ललित डीडवानिया, थानाधिकारी लोकपाल सिंह और सिविल डिफेंस टीम तैनात रही। ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई, जिन्होंने राहत की सांस ली।

### प्राकृतिक जलधाराएं पूरे वेग पर

मूसलधार बारिश के कारण मेनाल, भड़क, भड़क्या माताजी और सेवनफाल जैसे जलप्रपात भी अपने पूरे यौवन पर बह रहे हैं। रोमांचक दृश्य देखने के लिए लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने ऐसे स्थलों से दूर रहने की अपील की है।

### मंडोल बांध पर 5 फीट मोटी चादर, कस्बे के कई इलाकों में जलभराव

लगातार बारिश के चलते मंडोल बांध पर करीब 5 फीट मोटी चादर चल रही है, जिससे बांध का दृश्य बेहद रोमांचक हो गया है। इधर, भारी बारिश के बाद विजय सागर तालाब और गोविंद सागर तालाब के पास स्थित मकानों में पानी भर गया। पंचायत चौक और सब्जी मंडी क्षेत्र की दुकानों में भी पानी घुस गया, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ। कई जगह लोग घरों व दुकानों से पानी निकालते नजर आए। हालात को देखते हुए लोग सतर्कता बरत रहे हैं।

### प्रशासन अलर्ट पर

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में और भारी बारिश की चेतावनी दी है। प्रशासन ने निचले इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है। राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

**ड्रोन फोटो साभार- रमेश गुर्जर**
**कंटेंट - कपिल श्याम विजय**

## सावन के पहले सोमवार को गुप्तेश्वर महादेव का किया भव्य श्रृंगार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पंचमुखी मोक्षधाम में स्थित प्राचीन श्री मसानिया भैरुनाथ मठ प्रागंण में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के प्रथम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का पंचामृत अभिषेक किया। मंदिर के अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि पंडित अशोक व्यास सहित विद्वान पंडितो द्वारा पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करवाया गया है।बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया, मंदिर परिसर को सजाया गया। पुजारी संतोष कुमार खटीक ने कहा कि बाबा मसानिया भैरुनाथ, भगवान भोलेनाथ व कालिका माताजी का विभिन्न तरह के फूलो से श्रृंगार किया गया, सावन माह के अवसर पर चिता भस्म आरती का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे ।

## एक मुफ्त समाधान योजना के तहत 30 सितम्बर तक ऋण जमा कराने पर ब्याज में छुट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य सरकार के बजट घोषणा 2025-26 के तहत प्रदेश में राज. अनुसुचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम से अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछडे वर्गो को 31 मार्च 2025 तक वितरित किये गये ऋणों पर राहत प्रदान करते हुए अतिदेय मूलधन देय राशि 30 सितम्बर 2025 तक जमा कराये जाने पर अतिदेय ब्याज एवं पेनल्टी की राशि की शत-प्रतिशत छूट दी जायेगी। राज. अनु. जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के परियोजना प्रबन्धक नूतन कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के ऋणी जिन्होने अनुजा निगम से ऋण लिया है, ऐसे समस्त बकाया ऋणी एक मुफ्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते है।

उन्होंने बताया कि योजना का प्रथन चरण 1 मई से 30 सितम्बर 2025 तक लागु रहेगा, जिसमें एक मुफ्त भुगतान करने पर साधारण ब्याज व दण्डनीय ब्याज माफ किया जायेगा।

## शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब, सावन के पहले सोमवार को गूंजा हर-हर महादेव



**भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी**

**(दिलखुश मोटीस)**

सावन मास के पहले सोमवार को सावर कस्बे के शिवालयों में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। झरनेश्वर, ग्वालेश्वर व विद्युतेश्वर महादेव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा आदि अर्पित कर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते नजर आए। सहस्त्रधारा व रुद्राभिषेक में भाग लेकर श्रद्धालुओं ने पुण्य अर्जित किया। पूजन के बाद भव्य महाआरती में शिव शंकर भोलेनाथ की जय के जयघोष और शिव तांडव स्तोत्र से पूरा वातावरण गूंज उठा। यह दिन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया, जिसमें भक्तों ने भोलेनाथ की कृपा का अनुभव किया।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

### करुणा, क्षमा और धैर्य ही जीवन का असली धर्मः स्वामी अच्युतानंद महाराज

## रामधाम में चातुर्मास महोत्सव के अंतर्गत दिव्य प्रवचन जारी, शिवालय में हुआ भोलेनाथ का अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा हमीरगढ़ रोड स्थित रामधाम में चातुर्मास महोत्सव के तहत केदारखंड से पधारे स्वामी अच्युतानंद महाराज के प्रवचन चल रहे हैं।

स्वामी ने कहा कि ÷राम÷ धर्म का मूर्त रूप हैं और धर्म केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि करुणा, दया, क्षमा और परोपकार से युक्त जीवन जीने की कला है। उन्होंने बताया कि धर्ममय जीवन में दुख और सुख का प्रभाव नहीं पड़ता, और व्यक्ति साक्षी भाव से जीवन को ईश्वर को समर्पित करता है। स्वामी ने रामचरितमानस के प्रसंगों के माध्यम से समझाया कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और दया का पालन ही सच्चा धर्म है। ट्रस्ट सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को भोलेनाथ का अभिषेक व श्रृंगार किया गया। प्रवचन रोज सुबह 9 बजे आयोजित हो रहे हैं।

## गौवंश पर क्रूरता व गौसेवक से मारपीट के विरोध में ज्ञापन

### बालाजी गोवंश सेवा समिति व गौ सेवा टीम जीव रक्षण ने की कार्रवाई की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



ग्राम सरदारपुरा में 13 जुलाई को एक गौवंश को लोहे के तार से नाक छेदकर पीटे जाने तथा विरोध करने पर गौसेवक व उसकी माता से मारपीट के मामले में सोमवार को बालाजी गोवंश सेवा समिति और गौ सेवा टीम जीव रक्षण ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के सह-प्रांत गोरक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़ ने किया। ज्ञापन में आरोपियों पर गौवंश प्रतिशोध अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर जिले-भर के गौभक्त थाने का घेराव करेंगे।

समिति अध्यक्ष खुश राज वैष्णव, टीम अध्यक्ष सुमित कुम्हार, सचिव लक्ष्मण जागिड़ व नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने घटना को ÷गौभक्तों की भावनाओं पर आघात÷ बताते हुए कड़ी निंदा की।

ज्ञापन देने वालों में हनुमान धाकड़, विष्णु शर्मा, राघव प्रताप सिंह, महावीर गुर्जर, लोकेश गुर्जर, राहुल धाकड़ सहित अनेक गौभक्त शामिल रहे।

## फर्जीवाड़े का फॉर्मूलाः बिना डिग्री खुद को बता रहा था सीए, आयकर विभाग की छापेमारी में खुलासा

### वर्षों से लोगों को बना रहा था शिकार,दस्तावेजों के साथ पकड़ा गया झोलाछाप टैक्स सलाहकार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर में खुद को चार्टर्ड अकाउंटेंट बताकर वर्षों से टैक्स संबंधी काम करने वाले राजेश खोईवाल के खिलाफ आयकर विभाग की कार्रवाई में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि वह न तो आईसीएआई (भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान) का सदस्य है और ना ही उसके पास अन्य कोई वैध डिग्री है।

सोमवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने खोईवाल के निवास और कार्यालय पर छापा मारा। टीम को वहां से महत्वपूर्ण दस्तावेज, टैक्स फाइलिंग से जुड़ी फाइलें और खातों का रिकॉर्ड मिला है। अधिकारियों के अनुसार, खोईवाल ने न केवल आम लोगों बल्कि कुछ स्थानीय संस्थानों के खातों को भी संभाला है। जानकारी में सामने आया है की राजेश खोईवाल पूर्व में एक पंजीकृत सीए के कार्यालय में सहायक के तौर पर कार्य करता था, जहां से उसने टैक्स संबंधित जानकारी हासिल कर खुद को 'सीए' बताकर लोगों को सलाह देना शुरू कर दिया। स्थानीय स्तर पर उसे वर्षों से 'सीए खोईवाल' के नाम से जाना जा रहा था।

आयकर अधिकारियों ने बताया कि खोईवाल के जरिए कई लोगों की वित्तीय जानकारी अब सार्वजनिक जोखिम में है। दस्तावेजों की जांच की जा रही है और जल्द ही मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**देशभर में 200 से अधिक ठिकानों पर आयकर विभाग का शिकंजा**

खोईवाल का मामला ऐसे समय में सामने आया है जब आयकर विभाग ने देशभर में 200 से अधिक ठिकानों पर फर्जी टैक्स कटौतियों के मामलों में सर्च ऑपरेशन चला रखा है। इसमें वे लोग और संस्थाएं शामिल हैं जिन्होंने राजनीतिक चंदा (धारा 80जजब), ट्यूशन फीस, चिकित्सा व्यय आदि के नाम पर फर्जी कटौतियां दिखाकर टैक्स बचाने में लोगों की मदद की।



## QUICK BITES

## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गृह रक्षा विभाग ने 280 पौधे लगाए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं गृह रक्षा निदेशालय, जयपुर के निर्देश पर हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत गृह रक्षा विभाग द्वारा जिले में वृक्षारोपण किया गया।
कमांडेंट ललित बिहारी व्यास के निर्देशन में प्रशिक्षण केंद्र भीलवाड़ा में 150, जहाजपुर में 50, गुलाबपुरा में 40 और गंगापुर में 40 पौधे लगाए गए। इस दौरान छायादार, फलदार और फूलदार पौधों का चयन किया गया।
कार्यक्रम में कंपनी कमांडर कर्मजीत सिंह, लेखाधिकारी गजानंद कुमावत, मुख्य आरक्षी शांतिलाल, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र मीणा, देवेंद्र सिंह, तथा स्वयंसेवक राकेश, रमेश, हरलेश, सदाकत अली सहित कई सदस्य मौजूद रहे। प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों की देखभाल के लिए प्रेरित किया गया।

## दूसरों से तुलना दुःख का कारण, जो मिला उसमें सुख की अनुभूति करें" - महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा.



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सुभाषनगर स्थानक में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचनों के दौरान महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि हम अपने दुःख से नहीं, बल्कि दूसरों के सुख से दुःखी होते हैं। जीवन में जो सुख मिला है, उसमें आनंद लेकर परमात्मा के प्रति कृतज्ञता रखें। उन्होंने भौतिक व आध्यात्मिक सुख की व्याख्या करते हुए कहा कि आत्मिक शांति ही सच्चा सुख है।
महासाध्वी ने मधुर भजनों से धर्म से जुड़ने की प्रेरणा दी। धर्मसभा में साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने सुख विपाक सूत्र का वाचन करते हुए शुभ भावों की महत्ता बताई। साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. का भी सानिध्य मिला।
कार्यक्रम में सीए रमेश फिरोदिया (अहमदनगर) का स्वागत समिति अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या व श्रीसंघ अध्यक्ष हेमंत कोठारी ने किया। संचालन सचिव राजेंद्र सुराना ने किया। कई श्रावकों ने उपवास, आयम्बिल, एकासन व तप के प्रत्याख्यान लिए।

## बेगूं पुलिस व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में डोडा चूरा तस्करी का भंडाफोड़

### 8.56 किलो डोडा चूरा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं (चित्तौड़गढ़)



थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 8 किलो 560 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनकी कार को जब्त किया गया।
एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि थानाधिकारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में टीम ने हाईवे-27 पर सूरतपुरा के पास नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका। चालक द्वारा वाहन पीछे मोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर कार को पकड़ लिया। तलाशी में डिग्गी में बने विशेष बॉक्स से डोडा चूरा मिला। इस दौरान तस्कर श्यामलाल पुत्र नरसिंह राम सियाग एवं नेमीचंद पालीवाल पुत्र किरपाराम पालीवाल को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंसूरी ब्रदर्स का 8वां निः शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

# 264 जोड़ों का अब तक निकाह, हर माह 11 जोड़ों की शादी कराने का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



स्थानीय मंसूरी ब्रदर्स द्वारा सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए आठवां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न करवाया गया। यह आयोजन गुल अली बाबा की दरगाह स्थित जमात खाने में मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया।
परिवार के हाजी उमर मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह 11 जोड़ों का निःशुल्क निकाह कराने की घोषणा के तहत इस बार भी फजर की नमाज के बाद पेश इमाम इमरान साहब, साकिब साहब, सलीम अकबरी साहब और दारुल उलूम के अख्तर रज़ा साहब की उपस्थिति में निकाह की रस्में सम्पन्न हुईं। इस दौरान अगले सम्मेलन की तिथि 10 अगस्त घोषित की गई।
कार्यक्रम का संचालन परिवार के संरक्षक इमामुद्दीन मंसूरी के मार्गदर्शन में हुआ तथा नगर परिषद के पूर्व प्रतिपक्ष नेता अब्दुल सलाम मंसूरी ने अध्यक्षता की। प्रबंधक रशीद खान पठान ने बताया कि अब तक आयोजित आठ सम्मेलनों के माध्यम से 264 जोड़ों का निकाह करवाया जा चुका है। विशेष बात यह रही कि पूर्व सम्मेलनों में मंसूरी परिवार ने अपने ही परिवार के विवाह योग्य सदस्यों के भी निकाह अन्य जोड़ों के साथ ही सामूहिक रूप से करवाए। अब परिवार में विवाह योग्य सदस्य नहीं होने के बाद, मंसूरी ब्रदर्स ने हर माह 11 जोड़ों का निकाह करवाने का जिम्मा स्वयं उठाया है। इस अवसर पर समारोह को सफल बनाने वाले समाजसेवियों मोहम्मद शकील गोरी, सोहराब गोरी, मुश्ताक मंसूरी, मोहम्मद अली मंसूरी एवं मोहम्मद आरिफ मंसूरी की दस्तारबंदी कर सम्मानित किया गया।

### पौधारोपण के नाम पर असाधारण लक्ष्य का शिक्षक संघ ने किया विरोध

# मनरेगा के तहत करवाने की मांग, संसाधनों की कमी से स्कूलों में अभियान सिर्फ औपचारिक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) ने विद्यालयों में पौधारोपण को लेकर शिक्षकों व विद्यार्थियों पर अव्यावहारिक लक्ष्य थोपे जाने का विरोध किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर इस लक्ष्य की पुनः समीक्षा की मांग की है। जिला मंत्री महेश मंडोवरा ने बताया कि हाल ही में शिक्षा मंत्री द्वारा ड्रष्ट में दिए गए निर्देश अनुसार, प्रत्येक विद्यार्थी को 300 और प्रत्येक शिक्षक को 450 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है, जो पूरी तरह असंभव और शैक्षिक प्रक्रिया में बाधक है। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा के अनुसार, विद्यालयों में भूमि, पानी, औजार व देखरेख के साधनों की भारी कमी है। ऐसे में यह अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि संख्या नहीं, टिकाऊ पौधारोपण ही जरूरी है और इसे पंचायती राज विभाग द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत करवाया जाना चाहिए ताकि यह व्यवहारिक व सफल हो सके।

# रायनगर स्कूल में गूंजा बदलाव का स्वर - विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्ति, बेटी पढ़ाओ और हरियाली की शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी

(दिलखुश मोटीस)



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायनगर में छात्र मित्र फोरम के तत्वावधान में सोमवार को विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और हरियाली राजस्थान जैसे सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली भाषण देकर जागरूकता फैलाई। मुख्य वक्ता प्राचार्य हंसराज मीणा (सांवतगढ़) ने छात्रों को नशे से दूर रहकर, बेटियों को शिक्षा देने और प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एसडीएमसी सदस्य, अभिभावक और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।
छात्रों ने नारे लगाकर व शपथ लेकर बदलाव का संदेश दिया। अंत में प्राचार्य भगवान शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता फैलाते हैं।
विद्यालय स्टाफ के मुलचंद मीणा, अशोक कुमावत, पवन सेन, अनिता चौधरी सहित समस्त शिक्षकों का आयोजन में सक्रिय सहयोग रहा।

# नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की साधारण बैठक सम्पन्न, आगामी कार्यक्रमों पर की विस्तृत चर्चा

दास्ताने भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For Free Epaper



**भीलवाड़ा।** नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा सोमवार को काशीपुरी माहेश्वरी भवन में साधारण बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने बताया कि इस बैठक में नगर संस्थान की सभी सदस्याओं के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रीय महिला संगठनों की अध्यक्ष एवं सचिव भी उपस्थित रहे। जिससे बैठक की गरिमा और प्रभावशीलता और बढ़ी। बैठक में सावन माह में आयोजित होने वाली सावन पिकनिक 22 जुलाई एवं आगामी नवरात्रि कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया कि सभी बहनों ने पूर्ण उत्साह के साथ भागीदारी निभाई और सहयोग का आश्वासन दिया। सभी बहनों ने इस अवसर पर सावन का सखिया सोमवार भी सामूहिक रूप से मनाई। कार्यक्रम के दौरान भजन और सुंदर गीतों की मधुर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे वातावरण भक्तिभाव और सौहार्द से सराबोर हो गया। मीटिंग सफल, सार्थक और सांस्कृतिक समरसता से परिपूर्ण रही। सावन की हरियाली संग नारी शक्ति की सहभागिता ने इस बैठक को यादगार बना दिया।

# श्रावण के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, पर्यटन स्थल भी रहे गुलजार

## तिलस्वां, मंदाकिनी और भड़क जैसे शिवधामों में रही भक्तों की आवाजाही





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

**रेणु जैन**

श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवभूमि बिजौलियां क्षेत्र में धर्म, भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भक्तों की भीड़ देखी गई । साथ ही क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर भी सैलानियों की चहल-पहल दिनभर बनी रही।

तिलस्वां महादेव में अलसुबह से ही दर्शनार्थियों की आवाजाही शुरू हुई । कई पदयात्रियों के जत्थे भी शिवलिंग पर जलाभिषेक और दर्शन के लिए पहुंचे। नगर के ऐतिहासिक मंदाकिनी महादेव मंदिर में सावन विशेष उद्यापन का शुभारंभ हुआ। वहीं झरिया महादेव, अर्धनारीश्वर रेसुंदा, जागेश्वर, थानेश्वर व उंडेश्वर महादेव में भी दिनभर पूजा-अर्चना, रामायण पाठ और भक्ति गीतों का आयोजन होता रहा।

उंडेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन और पूजन कर भक्तिमय वातावरण बनाया। श्रद्धालु सामूहिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्य अर्जित करते नजर आए। बरसात के चलते क्षेत्र के मेनाल, भीमलत, भड़क्या , सेवन बाल बांका, भड़क व झरिया जलप्रपात पूरे वेग से बह रहे हैं।

सावन के पहले सोमवार से पर्यटन स्थलों पर मेला-सा माहौल नजर आया। परिवार सहित लोग टिफिन लेकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचे।



# जैन संस्कार मंच का सावन मिलन समारोह संपन्न, नवकार जाप व राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

## 150 से अधिक सदस्यों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, हैदराबाद अधिवेशन के लिए सहमति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जैन संस्कार मंच भीलवाड़ा द्वारा क्यारा हनुमानजी पुर में आयोजित सावन मिलन समारोह धार्मिक उत्साह और आपसी सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर मंच के 150 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र जाप से की गई। मंच के मंत्री गौरव सुराणा ने जानकारी दी कि इसके पश्चात सामूहिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें महिला मंच की सक्रिय सदस्यों सहित सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में आगामी 6 महीनों तक हर रविवार को आयोजित होने वाले नवकार महामंत्र जाप कार्यक्रम के लिए नामांकन किया गया। साथ ही 13 सितंबर 2025 को कामरेडडी (हैदराबाद) में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए सदस्यों से सहमति ली गई, जिसमें 25 से 30 सदस्यों ने भागीदारी की स्वीकृति दी।



इस अवसर पर महामंत्र जाप के कलश लाभार्थी कुसुम कटारिया एवं गौतम मेहता का मंच की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने सावन की पारंपरिक गोठ में सामूहिक भोज का आनंद लिया।

कार्यक्रम में प्रकाश बीराणी, गिरीश ओस्तवाल, हुक्मीचंद खटोड़, संदीप हिंगड़, महावीर बाफना, मनीष सेठी, विपिन दुग्गड़, ललित सांखला (एडवोकेट), अशोक सांमर, गौतम सुराणा, मनीष जैन, मनीष सिंघवी, संजय सिपानी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।महिला मंच अध्यक्ष शिखा डांगी, कोषाध्यक्ष दीपिका नंदावत के साथ कोमल जैन, रेशमा बाफना, किरण सेठी, संगीता जैन, नीलम सेठी, सुरुचि कोठारी, खुशबू खटोड़ आदि सदस्यों ने भी आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### जलेश्वर महादेव मंदिर में सावन के पहले सोमवार को उमड़ी श्रद्धा

# बारिश में भी नहीं डिगा शिवभक्तों का उत्साह, बेलपत्र और फूलों से किया जलाभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

सावन मास के पहले सोमवार को मांडलगढ़ नगर स्थित जलेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। बारिश के बावजूद शिवभक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। श्रद्धालु भीगते हुए मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ का जल-दूध से अभिषेक किया।

भक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र, पुष्प व धूप दीप अर्पित कर विशेष पूजन किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना की। पूरे दिन मंदिर में 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई अर्चना और शिव आराधना में नगर के अनेक श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## QUICK BITES

### नगर विकास न्यास ने आवासीय योजना के आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 19 जुलाई तक बढ़ाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास की विभिन्न आवासीय योजनाओं में लॉटरी द्वारा आवंटन हेतु आवेदन फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 19 जुलाई कर दी गई है।

न्यास सचिव ने बताया कि फॉर्म खरीदने की अंतिम तिथि पूर्ववत 15 जुलाई ही रहेगी, लेकिन भरे हुए आवेदन पत्र अब 19 जुलाई तक संबंधित बैंकों में जमा कराए जा सकते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि तय तारीख के बाद न तो बैंक और न ही न्यास कोई फॉर्म स्वीकार करेगा।

जनसुविधा के लिए न्यास कार्यालय में 15 जुलाई तक एकल खिड़की प्रणाली के तहत फॉर्म वितरण की व्यवस्था की गई है, लेकिन भरे हुए फॉर्म केवल बैंकों में ही स्वीकार होंगे।

### श्रावण मास में नगर निगम का आयोजनः देवरिया बालाजी मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




नगर निगम द्वारा श्रावण मास में 70 वार्डों के 70 मंदिरों में हो रहे अभिषेक श्रृंखला के तहत सोमवार को वार्ड 59 स्थित देवरिया बालाजी मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक हुआ। महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्षदा बादाम देवी माली एवं प्रतिनिधि दौलत माली की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य योगेन्द्र शास्त्री ने अभिषेक कराया।श्रद्धालुओं ने ÷बम-बम भोले÷ के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।वही आज सुबह 8 बजे- वार्ड 49, रोकड़िया गणेश मंदिर , दोपहर 1 बजे- वार्ड 32, वीर सावरकर चौक शिवालय एवं सायं 4 बजे- वार्ड 38, मंगला चौक शिव मंदिर में अभिषेक कार्यक्रम आयोजित होंगे ।

### स्विफ्ट कार में तस्करी कर रहा था चंदन, पारसोली पुलिस ने पकड़ा

#### 264 किलो गीला चंदन बरामद, 27 लाख का माल जब्त, आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ पारसोली



चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर सोमवार को पारसोली पुलिस ने तस्करी के बड़े मामले का भंडाफोड़ करते हुए 264 किलो अवैध चंदन जब्त किया है। कार में छिपाकर ले जा रहे चंदन की अनुमानित बाजार कीमत करीब 27 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी शिवराज राव ने बताया कि पारसोली में सीएचसी के पास नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आ रही एक स्विफ्ट कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार की डिक्की और पिछली सीट के नीचे छिपाकर रखे गए 32 टुकड़े गीले चंदन बरामद हुए।

पुलिस ने मौके से भीलवाड़ा जिले के बडलियास थाना क्षेत्र के गांव आमा निवासी मोहम्मद मुराद (50) पुत्र सुल्तान खां मेव को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में चंदन की सप्लाई कहां होनी थी, इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890